Q.P. Code – 32202

Second Semester B.A./B.S.W. Degree Examination, April/May 2019

(CBCS Scheme)

Language Hindi

Paper II – KAVYA, COMPREHENSION, TRANSLATION

Time : 3 Hours] *[Max. Marks : 90*

I. एक शब्द, या वाक्य में उत्तर लिखिए। **(10 × 1 = 10)**

1. गुरु को देने के लिए कबीरदासजी के पास क्या है?
2. 'कैकेयी का पश्चात्ताप' कविता के कवि का नाम क्या है?
3. कवयत्रि अपने जीवन में क्या सीखा है?
4. धर्मराज ने किसका उपदेश सुना?
5. 'दूर का तारा' कवि के अनुसार कविता में कौन-सा भाव अभीव्यक्त हुआ है?
6. कुत्ता किसके वंशज है?
7. घर के ताले में क्या घुसी थी?
8. बर्फ कहाँ गिरी थी?
9. पल भर में किसको स्वर्ग बना सकते हैं?
10. भगवान श्रीकृष्ण की लालन पालन किसने किया?

II. किन्हीं **तीन** के संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए। **(3 × 7 = 21)**

1. हिंदू मुआ राम कहि, मुसलमान खुदाई।
   कहै कबीर सो जीवता, जो दुहुँ के निकट न जाइ।।

2. धर्मराज की प्रामाणिकता की गवाही देने
   इस नाशवान शरीर के साथ
   हिमालय पहाड़ की सारी
   ठिठुरन को सहता हुआ
   स्वर्ग तक चला गया था
   मेरा कोई पुरखा।

3. देखो तो
   विधवा हो जाने की नियति
   सिर मुँडाने की जबरदस्ती
   क्या से क्या कर गई है।

4. तीव्र–गति
   अति दूर तारा,
   वह हमारा
   शून्य के विस्तार नीला में चला है
   और नीचे लोग
   उसको देखते हैं, नापते हैं गति, उदय और अस्त का इतिहास।

III. किसी **एक** कविता का सारांश लिखकर उसकी विशेषताएँ बताइए। **(1 × 16 = 16)**

1. मेरा जीवन
2. संयुक्त परिवार

IV. किन्हीं **तीन** पर टिप्पणी लिखिए। **(3 × 6 = 18)**

1. कैकेयी का पश्चात्ताप
2. भीष्म का उपदेश
3. कृष्ण की बाल लीला
4. वृंदावन

V. निम्नलिखित अवतरण पढकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **(3 × 5 = 15)**

एक कृषि प्रधान देश भारत में साधारण रूप से बड़े परिवारों की अपेक्षा होती है : कारण स्पष्ट है, कि जहाँ स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्था का विकास न हो तो मृत्यु दर अधिक होती है। इसलिए बड़े-बड़े परिवारो के होते हुए लोग चिंतित नहीं होते हैं। धीरे-धीरे जब समाज में उद्योग-धंधों की स्थापना होती है और लोग गाँवो से शहरी संस्कृति की ओर बढ़ते हैं, तो छोटे परिवार का रूप दिखाई देता है।

जब औद्योगिक उन्नति एवं विकास के परिणाम स्वरूप अधिक से अधिक लोग शहर में आकर बसते हैं, तो आवास, स्वास्थ्य, बच्चों की शिक्षा, समाज के अन्य व्यक्तियों के सामने जीवन-स्तर, और सुख-सुविधाओं की समस्या से व्यथित लोगों का ध्यान, छोटे-से परिवार की ओर आकर्षित होता है। छोटा परिवार उनके लिए वरदान और बड़ा परिवार उनके लिए अभिशाप बन जाता है।

औद्योगीकरण के साथ शहरों की आवादी बहती है। बढ़ती आवादी से एक और समस्या उत्पन्न होती है। वह है आवास की समस्या। भारत के औद्योगिक शहरों में बहुत से मज़दूर गंदी वस्तियों में रहते है। इससे उनके स्वास्थ्य पर भी प्रभाव पड़ता है। इस समस्या का समाधान संभव है, जब औद्योगिकता को हर शहर में स्थान दें।

1. मृत्यु दर अधिक होती है। स्पष्ट कीजिए।
2. व्यथित लोगों का ध्यान किसकी ओर आकर्षित होता है?
3. बड़ा परिवारों के लिए क्या अभिशाप बनता जा रहा है?
4. शहर समस्या का समाधान कैसे हो सकती है?

VI. हिन्दी में अनुवाद कीजिए। **(10 × 1 = 10)**

1. Ability
2. Migration certificate
3. Background
4. Establishment
5. Prohibit
6. Mismanagement
7. Schedule
8. Voluntary
9. Penality
10. Service verification